## वर्गीकृत विज्ञापन

### आवश्यकता

**भूतपूर्व सैनिकों की सभी** ज़िलों और तहसीलों के लिए आवश्यकता है। कर्नल-55000/, मेजर-48,500/-, कैप्टन- 42,500/-, सूबेदार (JCO)- 38,500/-, हवलदार-32,500/-, नायक-30,500/-, सिपाही- 28,500/-, BSF, CRPF, ITBP, CISF, सिक्योरिटी आफिसर। रहना, खाना, इंश्योरेंस मुफ्त। अपनी डिस्चार्ज बुक, तीन फोटो सहित मिलें : 8699987599, 8427789627._(W/44)

### नाम परिवर्तन

**I, Rakesh Kumar Sethi S/o** Jattu Ram Sethi, R/o House No. D-2405, St. No. 5, Adarsh Nagar, Fazilka declare, that I have changed my name to Rakesh Sethi. Concerned note.__(W/31)

### सूचना

**I, Hoshiar Singh S/o Gurmail** Singh Residence Kot Bakhtu, Teh. Talwandi Sabo, Distt. Bathinda declare that in my Army record my wife name wrongly intered Sarabjeet Kaur. But correct name is Sarabjit Kaur.________(W/33)

**मैं, गगनदीप पुत्र सतीश कुमार** निवासी 1127, कबीर नगर, थाना डिवीज़न-I, जालन्धर शहर बयान करता कि मेरा एसबीआई कार्ड नं. 236198 पटेल चौक जालन्धर के निकट गुम हो गया।________(W/31)

**मैं, नंबर 14917345-के नायक** हरभजन सिंह पुत्र करनैल सिंह राजपूत रैजीमैंट मार्फत 56 ए.पी.ओ. से सेवानिवृत्त वासी गांव सिंघेवाला, तहसील जलालाबाद, ज़िला फाज़िल्का बयान करता हूं आर्मी रिकार्ड के मुताबिक मेरे लड़के का नाम परमजीत सिंह (Parmjit Singh) जन्म तिथि 11.12.1998 गलत दर्ज की हुई है। उसका सही नाम परमजीत सिंह (Parmjeet Singh) और जन्म तिथि 12-12-1998 पढ़ा जाए।___(W/66)

### पंजाब में अंडों के भाव

पंजाब ज़ोनल अंडों के भाव 491 प्रति सैंकड़ा

मोहित सिंगला

**देशी घी:** (जीएसटी सहित) डेरियों के घी (टीन): परम प्रीमियम 5950, कृष्णा 5900, पदमश्री 5900

# पैट्रोल 29 व डीजल 34 पैसे महंगा

## 103 के पार पहुंची कीमत

नई दिल्ली, 14 मई (भाषा): पैट्रोल और डीजल के दाम देशभर में नई ऊंचाईयों पर पहुंच गए। सप्ताह के दौरान चौथी बार इन ईंधनों के दाम बढ़ाए गए हैं। तेल कंपनियों की नई अधिसूचना के मुताबिक पैट्रोल का दाम 29 पैसे प्रति लीटर और डीजल का दाम 34 पैसे प्रति लीटर बढ़ा दिया गया। इस वृद्धि के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पैट्रोल का दाम 92.34 रुपए प्रति लीटर और डीजल का दाम 82.95 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। देश के कुछ राज्यों के शहरों में पहले ही पैट्रोल के दाम 100 रुपए प्रति लीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में दाम 100 रुपए प्रति लीटर से ऊपर पहुंच चुके हैं। वहीं मुंबई में भी पैट्रोल के दाम इस स्तर के करीब पहुंच चुके हैं। मुंबई में एक लीटर पैट्रोल का दाम 98.65 रुपए और डीजल का दाम 90.11 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच चुका है।



देश के विभिन्न शहरों में ईंधन के दाम में वहां वैट की दर अलग होने और माल पहुंचने का भाड़ा के मुताबिक पैट्रोल, डीजल के दाम अलग-अलग होते हैं।

राजस्थान में पैट्रोल, डीजल पर सबसे ऊंची दर से मूल्य वर्धित कर (वैट) लगाया जाता है, उसके बाद मध्य प्रदेश में यह सबसे ज्यादा है। राजस्थान के श्री गंगानगर ज़िले में पैट्रोल का दाम सबसे ज्यादा 103.27 रुपए प्रति लीटर और डीजल का दाम 95.70 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच चुका है।

## पंजाब लोहा बाज़ार भाव

(सभी पर जीएसटी अतिरिक्त) इंगट-46000, बिलेट- 46300, मैलटिंग स्क्रैप-37600, पुरानी स्क्रैप-34600, ऐंगल-49500, पत्तरा-55500, प्रैस पत्ती-49500, टी आयरन-50000, पाईप-51700, गार्डर 52000, सरिया राउंड-49800, सरिया टीएमटी लोकल-52000, सरिया टीएमटी ब्रांडेड आईएसआई के2 - 59001, कामधेनु नैकस्ट-59551

—मोहित सिंगला

## कल क्या होगा?

नई दिल्ली, 16 मई (एजैंसी): रविवार बैसाख सुदी चतुर्थी को बारीक चावल, ढैंचा, ग्वार गम, मोठ, चना, उड़द, काबली चना, तुअर, राजमा चित्रा, ज्वार, हल्दी, धनिया, लौंग, जीरा, बादामगिरी, मूंगफली, बिनौला, रुई, सूत, बड़ी इलायची, किशमिश, टिटेनियम डाइऑक्साइड, सिट्रिक एसिड, फिनाईल गोली में लाभ तथा मक्की, बाजरा, गेहूं, जौ, जई, मेथी, सौठ, अखरोट, छोटी इलायची, मूंगफली, बिनौला सीड, वस्त्र, पारा आदि में हानि हो सकती है। भाग्यांक 3-6-7-8 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर यात्रा 9.36 बजे अपराहन के बाद यात्रा शुभ होगी।

**बिल्डिंग मैटीरियल:** सीमेंट: (भाव प्रति कट्टा/50 किलो/एफओआर) एसीसी 370, जेके सुपर (43 ग्रेड) 340, जेके सुपर (पीपीसी)320, बिड़ला उत्तम 320, जेके लक्ष्मी (पीपीसी) 360, जेके लक्ष्मी प्रो. 380, श्रीसीमेंट 315, अम्बुजा 370, सकरनी ह्वाइट सीमेंट 950, बांगड़ 310, पीओपी: सकरनी प्लास्टर (आईएसआई 25 किलो) 220,जेके लक्ष्मी प्लास्ट (25 किलो) 230, सकरनी बॉल पुट्टी (20 किलो)500, ईंट (एफओआर दिल्ली/वैट अतिरिक्त)(प्रति 1000 नग): अव्वल: हरियाणा 5750, उत्तर प्रदेश 5650, दोयम: हरियाणा 5700, उत्तर प्रदेश 5600, लाल पेटी 5500

## पंजाब की प्रमुख मंडियां



**खन्ना :** जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)170, राइसब्रान (अखाद्य) 166, खल सरसों 3000, डीओसी: राइसब्रान बैच सफेद 900, लाल 900, कंटीन्यूअस 925, सरसों (टन) 24000, सूरजमुखी (टन) ×, अनाज: गेहूं 1960/1965, आटा (50 किलो)1025, मैदा 1140, चोकर (45 किग्रा) 950, चोकर (30 किग्रा) 630, मक्की बिहार 1700/1720

**लुधियाना :** दाल-दलहन: राजमां चित्रा 11500/12500, अरहर दाल 9500/10600, उड़द साबुत 8600/9800, उड़द धोया 9700/10300, छिलका 9000/10300, दाल मसूर 8050/9250, चनादाल 7000/7500, एग्रो प्योर बेसन (35 किग्रा.)2850, काबली चना 7500/9200, मूंग साबुत 9000/10000, मूंग धोया 9700/10400, चावल: डीबी 5400/5500, शरबती स्टीम 4900/5000,चावल 1121 सेला 5600/5700, लालकिला 11600, तेल: बिनौला 14500, चावल तेल 12000, सरसों 14500, खल: सरसों 3200/3300, बिनौला 3325/3400, डीओसी: मूंगफली 31600, किराना : जीरा 15000/15500, धनिया 8300/9300, हल्दी 9500/11500, केसर प्रति ग्राम कश्मीरी 70/80, बेबी ×

**अमृतसर :** चावल: बासमती (1121 नं.) स्टीम 5900/6000, सेला 5000/5100, शरबती सेला 4100/4200, शरबती स्टीम 5100/5200,चावल 1509 सेला 4800/4900, धान: शरबती 2075/2100, बासमती 1121 धान 3100/3125, धान (1509) 2500/2600, पीआर-11 नं. 1825/1875, देशी चना 6300/6400, चनादाल 7200/7300, गुड़ (क्विं): लड्डू मंगलौर 3750/4000, देशी पंजाब 3700/3750, शक्कर देशी 3800/3900, बूरा खांड 3850/3900

**फाजिल्का :** (जीएसटी अतिरिक्त): धान (1509) 2450/2500, धान मोटा 1700/1750, चावल कच्चा (आईआर-8)2300/2400, चावल सेला (आईआर-8) 2250/2300, चावल कच्चा (पीआर-11) 3800/3900, सेला (पीआर-11) 3500/3600, धान (1121) 3100/3150, सेला (1121) चावल 5300/5350, गेहूं 1755/1760, सरसों 7300/7400 रुई (प्रति मन): (जे-34) 4950/5050, कपास देशी 5400/5500, कपास नरमा (क्विं.) 6550/6650, बिनौला (टैक्सपेड): खल 3600/3800, जे-34 (चिलकी) 4300/4400


**संगरूर :** गेहूं 1850/1860, आटा (50 किलो) 1065/1070, मैदा (50 किलो) 1080/1090, सूजी (50 किलो) 1180/1200, चावल बासमती सेला 5200/5300, स्टीम 6000/6100, शरबती चावल सेला 4100/4300, स्टीम 4900/5000, चावल परमल कच्चा 2350/2550, सेला 2300/2350, देशी चना छना 6800/7200, दाल चना 7250/7450, उड़द छिलका 9000/10500, राजमां चित्रा देशी 11000/12200, चीन 12000/12800, काबली चना 8300/10000, किराना: जीरा 15100/17800, धनिया 8400/11000, लालमिर्च गुंटूर 341 न. 14800/15000, तेजा 16900/17900, हल्दी इरोड़ गट्ठा 8800/8900, निजामाबाद फली 9800/10000, मेवा (किलो): काजू: (320 नं.) 900/925, (210 नं.) 1010/1030, (240 नं.) 945/950, (180 नं.) 1070/1090, दो टुकड़ा 590/620, चार टुकड़ा 550/555, आठ टुकड़ा 500/525, गोला 20000/23000

**जालंधर :**गेहूं दड़ा 1840/1850, चावल परमल कच्चा 2650/2700, सेला 2300/2400, मक्की बिहार 1740/1745, एमपी 1730/1740, दाल उड़द छिलका 9300/11000, चना देशी छना 7300/7400, दाल चना 7300/7500, काबली चना 7700/10300, राजमां चित्रा पुणे 10500/11700,चीन 11700/12500, शर्मिली 9800/10000, किराना: जीरा 15000/18000, धनिया 8000/9500, लालमिर्च गुन्टूर-(334 नं.) 14300/14600, तेजा 17300/19700, हल्दी इरोड गट्ठा 8900/9100, निजामाबाद 9800/10400, मेवा (किलो): काजू: (320 नं.) 940/960, (210 नं.) 1000/1025, (240 नं.) 980/1000

# दिल्ली मंडियों की दैनिक समीक्षा

### अनाज-दाल

यद्यपि लॉकडाऊन एवं ईद के चलते कारोबार कमजोर रहा तथापि सरकार द्वारा पिछले दिनों एक लाख बोरी उड़द की दाल टेण्डर में खरीद किये जाने से चौतरफा उड़द में मिलों की मांग बढ़ गयी, जिसके चलते 100/150 रुपए बढ़कर एसक्यू पुरानी 8400/8450 एवं नई 8600/8650 रुपए हो गयी। एफएक्यू का व्यापार भी 7950 रुपए में हो गया। मिलों में



दाल की कमी होने से 200 रुपए बढ़ाकर छिलका व धोया का व्यापार सुना गया। दूसरी ओर एमपी से नई मूंग की आवक बढ़ जाने से आज भी 100 रुपए घटकर 6900/7100 रुपए प्रति क्विंटल रह गयी। दाल छिलका व धोया भी मांग के अभाव में 100/200 रुपए क्वालिटीनुसार घटाकर बोली गयी। उधर तुवर महाराष्ट्र व दक्षिण भारत की मंडियों में तेजी के बावजूद ग्राहकी के अभाव में 25 रुपए यहां घटकर 6950/6975 रुपए रह गयी। चना भी लारेंस रोड पर 25 रुपए की नरमी पर 5600/5625 रुपए रह गया। अन्य में स्थिरता रही।

### तेल-तिलहन

ग्राहकी कमजोर होने से सरसों तेल के भाव 100 रुपए घटकर



15100 रुपए तथा तिल तेल के भाव 200 रुपए घटकर 16000 रुपए प्रति क्विंटल रह गये। उठाव न होने से बिनौला व सोया तेल रिफाइंड के भाव 50 रुपए मुलायम होकर क्रमश: 14700 रुपए एवं 15100 रुपए प्रति क्विंटल रह गये। तेल मिलों की मांग कमजोर होने से सरसों के भाव 50 रुपए घटकर 7150/7200 रुपए प्रति क्विंटल रह गये। आयातकों की बिकवाली कमजोर होने के कारण कांदला में क्रूड पाम ऑयल के भाव 9800 रुपए प्रति क्विंटल पर टिके रहे। साबुन निर्माताओं की मांग बढ़ने तथा हाजिर में माल की कमी के कारण राइस फैट्टी के भाव 100 रुपए बढ़कर 9850/9950 रुपए प्रति क्विंटल रह गये।

### गुड़-चीनी


ग्राहकी निकलने से उत्तर प्रदेश की मिलों द्वारा घटे भाव पर बिकवाली कम कर दिए जाने से चीनी के भाव 15/50 रुपए सुधरकर मिल डिलीवरी



3240/3355 रुपए तथा हाजिर में इसके भाव 3550/3650 रुपए प्रति क्विंटल बोले गये। सीमित बिकवाली के कारण गुड़ व शक्कर की कीमतों में स्थिरता रही।

### किराना-मेवे

चाय बागानों में मार्च-अप्रैल की फ्लश की पत्ती बहुत कम आने से वर्ष की प्रथम तिमाही में चाय की उपलब्धि काफी कम बैठी है, जिससे गुवाहाटी नीलामी में लगातार बाजार तेज होते जा रहे हैं तथा बड़ी कंपनियां माल खरीद रही हैं। वास्तविकता यह है कि केन्या में ऊंचे भाव होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में चाय के भाव चौतरफा बढ़ गये हैं, इसका भी प्रभाव घरेलू चाय उद्योग पर तेजी के रूप में देखने को मिला है। आज भी पड़ते के अभाव में 10/15 रुपए बढ़कर क्वालिटीनुसार चाय के भाव 270/490 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गये। इसके अलावा दालचीनी भी लोकल व चालानी मांग से 2 रुपए की



बढ़त लेकर 257/275 रुपए पर जा पहुंची। हल्दी में भी उत्पादक मंडियों से पड़ते न लगने एवं डिब्बे के तेज समाचार से यहां 50/100 रुपए बढ़कर इरोड एज़इटीज 8650/8750 रुपए तथा मिनी सेलम 9600/9800 रुपए क्विंटल हो गयी।

### सर्राफा

वैश्विक बाजारों में बुलियन में तेजी का रुख होने तथा सटोरिया लिवाली बढ़ने से दोनों बहु-मूल्य धातुओं में तेजी का रुख रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव 1816 से बढ़कर 1823 डॉलर प्रति औंस हो गये। विदेशों में आई तेजी



तथा अक्षयातृतीया के कारण लिवाली बढ़ने से एमसीएक्स में सोना जून डिलीवरी 300 रुपए बढ़कर 47600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गये। विदेशों में चांदी के भाव 2700 से बढ़कर 2725 सेंट प्रति औंस हो जाने तथा लिवाली बढ़ने से चांदी जुलाई डिलीवरी के भाव भी 400 रुपए बढ़कर 70900 रुपए प्रति किलो हो गये। लॉक डाउन के कारण सर्राफा बाजार बंद रहा।

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

अजीत ग्रुप आफ पब्लिकेशंज़ इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों की ज़िम्मेदारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।



# लॉकडाऊन के दौरान होने वाले अधिकतर विवाह रद्द

### * रिश्तेदार होने लगे नाराज़ * गायक, पैलेस, हलवाई आदि कारीगर व दुकानदारों पर पड़ी लॉकडाऊन की मार

**तपिंदर सिंह**

फिरोज़पुर, 14 मई : कोरोना महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए प्रदेश में किए लॉकडाऊन के कारण जहां अधिकतर विवाह रद्द होते जा रहे हैं, वहीं सरकार द्वारा विवाह आदि खुशी के समागमों में निर्धारित 20 लोगों के इकट्ठ के कारण विवाह में अधिकतर रिश्तेदार नाराज़ होते देखने को मिल रहे हैं। लॉकडाऊन की भेंट चढ़े विवाह समागमों के कारण गायक, पैलेस, हलवाई आदि कारीगर व दूसरे अन्य दुकानदार भी लॉकडाऊन की मार में आ रहे हैं। विवाह आदि समागमों की तैयारी में दी अग्रिम पेशगियों वापिस लौटाई जाने लगी हैं। विवाह में काम करने वाले हलवाई व अन्य कारीगर काम न मिलने के कारण आर्थिक तंगी का शिकार हो रहे हैं। पैलेस बंद हो गए हैं, कपड़े वाली दुकान पर दहेज व कपड़े आदि लेने वाले ग्राहकों की रौणक खत्म हो गई है। करियाने की दुकान पर ग्राहक ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे। काबिलेगौर है कि पंजाब सहित पड़ोसी राज्यों की बात करें तो गेहूं की फसल बिकने से किसान व शाह दोनों के पास पैसे आ जाते हैं और यह पैसा समूचे बाज़ार में घूमता है। हर वर्ग इसी उम्मीद में इन दिनों अग्रिम विवाह निर्धारित कर लेते हैं और पैसे पास आने के कारण लोग विवाह आदि खुशी के कार्य सहज ही निपटा लेते हैं परंतु इस वर्ष गेहूं की फसल आते ही लॉकडाऊन लग गया, जिस कारण लोगों के विवाह फीके पड़ गए। लॉकडाऊन को लेकर सरकार द्वारा की गई सख्ती को देखते हुए लोगों द्वारा निर्धारित विवाह की अधिकतर तारीखें आगे डाल दी गई हैं और जिस संबंधी बुक किए पैलेसों, हलवाइयों सहित अन्य दूसरे कारीगरों को दी पेशगियां वापिस ले ली गई हैं। विवाह में 20 व्यक्ति निर्धारित करने से नज़दीकी रिश्तेदारों को न बुलाने के कारण अधिकतर नज़दीकी रिश्तेदार नाराज़ होते दिख रहे हैं।

### दिल्ली से लौटे 3 किसानों...

किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर गांव शेर सिंह वाला की इकाई की अगुवाई में दिल्ली टिकरी बार्डर पर गया था। वहां अस्वस्थ होने के कारण 10 मई को वापस गांव लौट आया। गांव पहुंचकर उपचार करवाने के साथ एक बार ठीक हो गए परंतु 13-14 की रात्रि को छाती में दर्द होने के कारण उनकी मौत हो गई।



**दर्शन सिंह गिल का फाइल चित्र।**



**लखवीर सिंह भंगू का फाइल चित्र।**

**मुद्दकी, ( भूपिन्द्र सिंह ):** केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पास किए काले कानूनों को रद्द करवाने के लिए संयुक्त मोर्चे द्वारा जो पिछले छ: माह से किसानी संघर्ष किया हुआ है, उसमें पंजाब के किसानों की भारी शिरकत हो रही है। डा. मनजीत सिंह मुद्दकी ने बताया कि उनका रिश्तेदार दर्शन सिंह गिल पुत्र करतार सिंह मनसूरवाल कलां जो 10 दिन दिल्ली के टिकरी बार्डर पर शिरकत करने के बाद वापस गांव लौटे थे, जिनका संक्षेप बीमारी से निधन हो गया।

श्री चमकौर साहिब, 14 मई (जगमोहन सिंह नारंग): निकटवर्ती गांव भूरड़े के दिल्ली आंदोलन से लौटे किसान की उपचाराधीन मौत हो गई। गांव के सरपंच बलविन्द्र सिंह लवली तथा मृतक किसान के बड़े भाई गुरदीप सिंह कीपा भंगू ने बताया कि उक्त मृतक किसान लखवीर सिंह भंगू (पूर्व सैनिक) पुत्र मनसा सिंह जो लगभग 54 वर्ष का है पिछले माह दिल्ली में ही बीमार हो गया था तथा साथी उसको यहां घर ले आए तथा आज उसका निधन हो गया।

### नेताओं से करोड़ों...

किशोर बांध कर बात करते थे तथा कांग्रेसी नेताओं को पार्टी में उच्च पद व विधानसभा की टिकट दिलाने का झांसा देते थे, जबकि दिल्ली के नेताओं के साथ यह अरविन्द केजरीवाल का सहायक बनकर बात करते थे, जबकि राजस्थान में वहां के विधायक राज बनकर नेताओं के साथ बात करते थे। इस तरह बिहार व अन्य राज्यों में भी राजनीतिक नेताओं के साथ ठगियां करने के लिए ऐसा ढंग ही अपनाते थे। पुलिस द्वारा इस तीन सदस्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि इनका तीसरा साथी अमृतसर का रहने वाला गौरव शर्मा उर्फ गोरा अभी फरार है। आरोपी नेताओं को वाट्सएप्प तथा या फिर इंटरनैट काल ही करते थे तथा नेताओं को उस बारे पूरी जानकारी मुहैया करवा देते थे ताकि नेता उन पर विश्वास कर सकें। सरकार द्वारा भसीन को चार सरकारी अंगरक्षक भी दिए हुए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां माननीय जज ने उनका सात दिन का पुलिस रिमांड दे दिया।

**संगरूर, ( सत्यम् ) :** बड़े नेताओं को लाखों करोड़ों रुपए का चूना लगाने वाले इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ जब जिला संगरूर के हल्का सुनाम से कांग्रेस के हल्का ईन्चार्ज दामन थिंद बाजवा के साथ भी इस गिरोह ने टिकट देने का लालच देकर संपर्क किया परंतु दामन के तेजतरार पती हरमनदेव गगी बाजवा को इनकी बातचीत से ऐसा लगा कि दाल में जरूर कुछ काला है जिस के चलते उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत जिला संगरूर के पुलिस प्रभारी को दी। लुधियाना के एक विधायक को जब इन्होंने ठगना चाहा तो उन्हें दामन थिंद बाजवा द्वारा पुलिस पास केस दर्ज करवाए जाने संबंधी समाचार मिला। उन्होंने दामन थिंद बाजवा से संपर्क किया और पूरी घटना के बारे में चर्चा कर इस गिरोह को पैसे लेने के लिए बुला लिया जहां राकेश कुमार व रजत कुमार को लुधियाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### प्रशांत किशोर चाहे प्रदेश...

किशोर की पंजाब में वापसी जून के पहले पखवाड़े में होगी। राज्य सरकार द्वारा उसको मुख्यमंत्री का प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया हुआ है तथा मुख्यमंत्री द्वारा उनके नाम अलाट सरकारी कोठी जो पिछली सरकार में उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल के पास थी वह अब प्रशांत किशोर को दी हुई है। सूत्रों के अनुसार किशोर की टीम के कोई 15 लोग पंजाब में ही हैं तथा काम कर रहे हैं, जबकि शेष टीम जून-जुलाई में पंजाब पहुंचेगी। चर्चा यह है कि किशोर दूसरे राज्यों के चुनावों से फारिग होने के बाद आज कल छुट्टी पर हैं तथा आराम कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई है तता वह इस संबंधी सुप्रीम कोर्ट के रुख का भी इंतज़ार कर रहे हो सकते हैं। प्रशांत किशोर द्वारा अपने आपको पंजाब कांग्रेस में चल रही उथल-पुथल से भी दूर रखा जा रहा है। किशोर ने स्पष्ट किया कि वह राज्य कांग्रेस की सफलता के लिए काम करेंगे न कि केवल मुख्यमंत्री के अक्स को उभारना ही उनका काम होगा। सूत्रों का बताना है कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के अतिरिक्त किशोर के दूसरे अन्य कांग्रेसी नेताओं जिनमें नवजोत के अतिरिक्त प्रताप सिंह बाजवा आदि के साथ भी अच्छे संबंध हैं तथा वह पंजाब कांग्रेस में फेरबदल के बाद भी राज्य में काम जारी रख सकेंगे।

### भगत सिंह के भतीजे...

के विछोड़े से बहुत बड़ा घाटा पड़ा। विभिन्न राजनीतिक नेताओं सुखबीर सिंह बादल प्रधान शिरोमणि अकाली दल, प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा पूर्व सांसद, डा. सुखविन्द्र कुमार सुक्खी विधायक हलका बंगा, सतवीर सिंह पल्ली झिक्की चेयरमैन ज़िला योजना बोर्ड शहीद भगत सिंह नगर, दरवजीत सिंह पूनी चेयरमैन मार्किट कमेटी बंगा ने भी अभय सिंह संधू की मौत पर दुख व्यक्त किया।

### पति ने पत्नी का गला...

जाती थी और इस संबंधी उन्होंने पुलिस के पास भी शिकायत दर्ज करवाई थी परंतु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बहन की हत्या करने में उनके जीजा के अलावा बच्चों का भी हाथ है और बच्चों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए, जबकि जांच अधिकारी इंद्रजीत सिंह बोपाराय ने बताया कि पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

**पति व बच्चों के खिलाफ मामला दर्ज :** वहीं देर सायं मृतका के पति हरमेश अरोड़ा, बेटा लविश अरोड़ा, बहू लविशा अरोड़ा व बेटी रितिका अरोड़ा के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ इंद्रजीत सिंह बोपाराय ने बताया कि मृतका के भाई राजन कुंद्रा के बयानों के आधार पर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है। राजन ने पुलिस को दिये बयानों में हत्या का कारण ज़मीनी विवाद बताया है।

### सिर पर रॉड मारकर...

दिया गया। थाना प्रमुख ने कहा कि उक्त के बयानों के आधार पर पुलिस द्वारा मृतका के पति महिन्द्रपाल पुत्र फकीर चन्द वासी चौगिट्टी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए उसको गिरफ्तार कर लिया है। मृतका स्वभाव पक्ष से बड़ी नरम थी। हर किसी के साथ हंस कर बातें करनी उनके गुणों में शामिल थी। इसके साथ ही वह धार्मिक विचारों वाली थी। उनकी बेटी अमनदीप पढ़ाई करने के उपरांत निजी व्यापारिक संस्थान में काम कर रही है तथा पुत्र विदेश गया हुआ है।

### चाचा ने फौजी भतीजे...

बाद दोपहर लगभग 1.30 बजे जब संदीप सिंह, देसा सिंह के घर गया तो वहां उनका आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा बढ़ गया। इस स्थिति में देसा सिंह ने अपनी लाइसैंसी रिवाल्वर से सैनिक संदीप सिंह पर हमला कर उसको मौत के घाट उतार दिया तथा फरार हो गया। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना सदर जलालाबाद की पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा उन्होंने शव को कब्ज़े में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पंजाब-हरियाणा की सभी...

वर्कज़् यूनियन पंजाब के राज्य उपप्रधान दर्शन सिंह लाडी ने कहा कि केन्द्र सरकार की टोल प्लाज़ा सस्पैंड करने के आदेशों से दो राज्यों के 18000 कर्मचारी बेरोज़गार हो जाएंगे। इन कर्मचारियों के घरों का गुज़ारा इसी कित्ते पर निर्भर था। उन्होंने कहा कि पंजाब की अधिकतर टोल प्लाज़ा कम्पनियों ने कर्मचारियों को दिसम्बर माह से वेतन नहीं दिए जिनका करोड़ों रुपए बकाए टोल कम्पनियों की ओर अधूरे हैं।




**कालाझाड़ टोल प्लाज़ा पर रोष प्रदर्शन करते हुए टोल कर्मचारी। ( छाया : हरजीत सिंह )**

### डिफाल्टरों की संख्या में ...

था कि यदि स्कीम को सफल करना बनता था तो कुछ राशि जमा करवाने की सुविधा होनी चाहिए थी। इस तरह की ओ.टी.एस. स्कीम से सारी राशि वसूली जाएगी, यह आसान नहीं होगी क्योंकि वर्ष 2018 में इस स्कीम के आने पर भी आम उपभोक्ताओं को कोई राहत नहीं मिली थी। कुछ समय से पंजाब राज्य बिजली निगम लिमिटेड के डिफाल्टरों की गिनती में वृद्धि हुई है जबकि दूसरी ओर पावरकाम ने सरकार से भी सब्सिडी की लगभग 5500 करोड़ की राशि लेनी है। इस तरह से अन्य भी करोड़ों रुपए की राशि के झगड़े चल रहे हैं। चुनावों के कारण पावरकाम और अधिक ऋण में फंस जाएगा क्योंकि उसको इस समय किसी भी हालत में वर्ष 2021-22 के लिए आम उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध करवानी है। निगम के अपने पास कोई अतिरिक्त फंड नहीं है तथा इस बार बिजली महंगी करने की जगह अब निगम द्वारा बिजली सस्ती करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। वैसे अगले वर्ष विधानसभा चुनाव न आते तथा न ही राजनीतिक पार्टियों द्वारा महंगी बिजली को मुद्दा बनाया जाता तो पहली अप्रैल 2021 से बिजली की नई दरें लागू हो जानी थीं। नई दरों बारे अभी तक फैसला नहीं हो सका है जिससे फिलहाल अगले आदेशों तक पुरानी बिजली दरों को ही बहाल रखने का फैसला किया गया है। बिजली उत्पादन के लिए लगातार खर्चे बढ़ रहे हैं। कोयले की कीमतों में वृद्धि, बिजली कम्पनियों को बिना प्रयोग हर वर्ष बिजली के फिक्स चार्जिज़ की करोड़ों रुपए की अदायगी करने व स्टाफ का लगातार बढ़ रहे खर्च के कारण पावरकाम को हर वर्ष बिजली महंगी करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बिजली के खर्च कम करने के लिए चाहे बिजली चोरी रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं परन्तु अभी भी बिजली सिस्टम के लाइन पर लाने के लिए पंजाब राज्य बिजली निगम लिमिटेड को पसीना बहाना पड़ेगा।

### 10 वर्ष बाद पर्यटकों...



**लाहौर स्थित सर गंगा राम की समाधि का विहंगम दृश्य। ( छाया: कोछड़ )**

शुरू कर दिया गया है। नवीनीकरण का कार्य पूरा होने के बाद इस माह के अंत में समाधि स्मारक को आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां एक आर्ट गैलरी भी खोली जाएगी, जिसमें सर गंगाराम द्वारा तैयार की इमारतों की तस्वीरों व कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लाहौर से लगभग 65 किलोमीटर दूर श्री ननकाना साहिब के नज़दीक मंगतांवाला में सन् 1851 में जन्मे राय बहादुर गंगा राम पेशे से सिविल इंजीनियर व आर्कीटैक्ट थे। उन्होंने लाहौर हाईकोर्ट, ऐचिसन कालेज, हैली कालेज आफ कामर्स, लाहौर अजायब घर, मेओ स्कूल आफ आर्ट्स आदि इमारतों का डिज़ाइन तैयार किया। उन्होंने लाहौर में अस्पताल के निर्माण के लिए ज़मीन दान दी, जहां आज सर गंगा राम अस्पताल सेवाएं दे रहा है।

### भारत में रह रहे...

मजनू का टिल्ला व आदर्श नगर आदि के अस्थाई कैम्पों में 4000 से अधिक पाकिस्तानी शरणार्थी रह रहे हैं। पाक हिन्दुओं का न तो कोरोना टैस्ट किया गया है तथा न ही कोई इलाज मुहैया करवाया गया है। हाल ही में कुछ पाकिस्तानी प्रवासियों के कोरोना संक्रमित होने बारे पता चलने के बाद मैडीकल व स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बारे सर्वे के आदेश दिए थे, परन्तु टीकाकरण बारे अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

